30 लाख रुपये तक की एक्स-शोरूम कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत छूट मिलने से वाहन खरीदारों को पंजीकरण के समय सीधे हजारों से लेकर लाखों रुपये तक का लाभ मिल रहा है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए लागू की गई यह नीति पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नागरिकों को आर्थिक राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलने से प्रदूषण में कमी लाने और स्वच्छ एवं हरित परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नई कर छूट व्यवस्था का लाभ पात्र वाहन खरीदारों को सीधे मिल रहा है और इससे प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता बढड्ढे की उम्मीद है। नई कर छूट नीति चार दिन पूर्व 21 अगस्त 2026 से धरातल पर लागू हुई। इसके साथ ही प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण की नई व्यवस्था प्रभावी हो गई। गुरुग्राम जिले के गुरुग्राम तथा बादशाहपुर उपमंडल में नई व्यवस्था के तहत पहला इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत किया गया। परिवहन विभाग की पंजीकरण रसीद के अनुसार गुरुग्राम निवासी विक्रांत द्वारा महिंद्रा की बीई फॉर्मूला ईवी कार के पंजीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। नई व्यवस्था के तहत इस वाहन पर देय दो लाख 44 हजार 900 रुपये का मोटर वाहन कर पूरी तरह माफ हो गया। विक्रांत ने कहा कि इलेक्ट्रिक कार के पंजीकरण के दौरान मोटर वाहन कर में पूरी छूट मिलने से उन्हें बड़ी आर्थिक राहत मिली। उन्होंने सरकार की इस पहल को इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने वाला सराहनीय कदम बताया। बादशाहपुर उपमंडल निवासी राशिल गोयल द्वारा टाटा टियागो ईवी के पंजीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। नई कर छूट नीति के तहत उन्हें 81 हजार 120 रुपये के मोटर वाहन कर का सीधा लाभ मिला। राशील गोयल ने कहा इस नीति से इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले लोगों को आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा और ईवी अपनाने को बढ़ावा मिलेगा।

पड़ोसी लड़की से बेटे की शादी से नाराज था परिवार, पिता पर डंडों से हमला

- संजय कॉलोनी में 8-9 साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



संजय कॉलोनी में बेटे की पड़ोस में रहने वाली युवती से शादी करने से नाराज आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक के पिता पर डंडों से हमला कर दिया। पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले में तेजपाल निवासी संजय कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक डंडा भी बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, संजय कॉलोनी निवासी हरी सिंह ने शिकायत दी कि उसके बेटे जितेंद्र ने पड़ोस में रहने वाली युवती से शादी की थी। इसके बाद युवती के परिवार वाले उससे रंजिश रखने लगे। आरोप है कि 24 अगस्त की सुबह तेजपाल अपने 8-9 साथियों के साथ उसके पास पहुंचा और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान डंडों से भी हमला किया गया। शिकायत के आधार पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि तेजपाल की बेटी ने शिकायतकर्ता के बेटे जितेंद्र से शादी की थी। इसी बात को लेकर तेजपाल कथित तौर पर हरी सिंह से रंजिश रखता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल डंडा बरामद किया है। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

डीयू के महाविद्यालयों में सखी पहल के तहत मनाया रक्षाबंधन

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के विभिन्न महिला महाविद्यालयों में सखी पहल के तहत रक्षाबंधन मनाया और छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस पहल के तहत एनएसयूआई की महिला सदस्यों ने छात्राओं और महिला पुलिसकर्मियों को राखी बांधी।

इस पहल के माध्यम से एनएसयूआई ने स्पष्ट संदेश दिया कि महिला छात्राएं अकेली नहीं हैं। छात्राओं की सुरक्षा और परिसर से जुड़े उनके मुद्दों को उठाने के लिए एनएसयूआई हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि रक्षाबंधन विश्वास, जिम्मेदारी और सुरक्षा का पर्व है।

एमसीडी ने कुदसिया बाग में वृक्षारोपण अभियान का किया आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मंगलवार को कश्मीरी गेट स्थित ऐतिहासिक कुदसिया बाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली के हरित क्षेत्र को बढ़ाना, जैव विविधता में सुधार करना तथा एक स्वस्थ शहरी वातावरण का निर्माण करना रहा। दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त संजीव मित्तल, अतिरिक्त आयुक्त बी एस जगलान तथा जोनल उपायुक्त श्वेता नागरकोटी ने वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया और स्थल पर पौधे लगाए। इस अवसर पर उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे। कुदसिया बाग में सुबह सैर करने वाले तथा नियमित रूप से आने वाले बड़ी संख्या में लोगों ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनता के सशक्त समर्थन को दर्शाता है। अभियान के दौरान कुल 101 पौधे रोपे गए, जिनमें फूलदार, फलदार तथा छायादार वृक्षों की प्रजातियाँ शामिल थीं। इनमें आम, जामुन, अमरूद, इमली, आंवला, कटहल, अमलतास, कचनार, चंपा, गुलमोहर, हरसिंगार और नीम आदि प्रजातियां शामिल थीं। देशी एवं जलवायु के अनुकूल प्रजातियों के इस विविध चयन से इस ऐतिहासिक बाग के पारिस्थितिक और सौंदर्यपरक मूल्य में वृद्धि होगी, साथ ही यह छाया, मौसमी फूल, फल तथा पक्षियों व अन्य शहरी जैव विविधता के लिए आवास भी प्रदान करेगा। अतिरिक्त आयुक्त ने इस बात पर बल दिया कि वृक्षारोपण केवल एक दिवसीय गतिविधि नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता है।

PUBLIC NOTICE

I, Aditya S/o Ram Khiladi R/o S-81/229, Indra Camp 2, Hari Nagar Ashram, Delhi 110014 declare that names of my father and my mother have been wrongly written as Shri Ram and Bhagbati Devi respectively in my secondary school examination certificate Further declare that name of my mother has been wrongly written as Bhagwati in my Senior secondary school examination certificate That actual names of my father and mother are Ram Khiladi and Bhagwati Devi respectively.

Public Notice

My Client **Shyam Lal** S/o Tapu Bhai R/o **A-4 / 432, Paschim Vihar, New Delhi-110063,** hereby Severe Relations & Debar his son **Anand Parmar** from all his movable, immovable properties due to his conduct disobedience. My Client will not be responsible for his any acts in future.

Ramesh Chander (Advocate)
Ch-68, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi

PUBLIC NOTICE

My client named Sh. Jai Prakash, S/o- Sh. Pat Ram, & Smt. Mukesh, W/o- Sh. Jai Prakash, R/o- H. No. T-34, Street No. 2, Shiv Mandir, Village-Tukmirpur, Karawal Nagar, North-East, Delhi-110094, have debarred, disowned, disinherited & withdrawn all relationships with their son and daughter-in-law (Bahu) named Sh. Pankaj Kumar and Smt. Rakhi from their moveable, immovable properties & Business as being disobedient, disrespectful, out of control and of quarrelsome nature. My client has also severed and disconnected all their relations & ties with them. If anyone deals with them, he/she/they may do so at their own risk, cost and consequences. My client shall not be responsible to anybody for their acts and deeds.

K.K. JHA, MANISH KUMAR, (ADVOCATES)
CHAMBER NO. Y-2A, CIVIL SIDE,
TIS HAZARI COURT, DELHI- 110054

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती किरण देवी पत्नी श्री अनिल कुमार, आवासीय संपत्ति क्षेत्रफल 50 वर्ग गज, खसरा संख्या 51/2, ग्राम हैबतपुर, दादरी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, बिक्री विलेख दिनांक 15.10.2014(दस्तावेज संख्या 9605) और बिक्री विलेख दिनांक 11.07.2018(दस्तावेज संख्या 5032) के माध्यम से मालिक हैं। अब, उक्त संपत्ति को मनीवाइज फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, यूनिट नंबर-2415, द कोरेथम, चौथी मंजिल, टॉवर-ए, सेक्टर-62, नोएडा-201301 द्वारा वित्तपोषित और बंधक किया जाना है। यह कि, श्रीमती शकुंतला गुप्ता के पक्ष में मूल बिक्री विलेख दिनांक 15.10.2014 (दस्तावेज़ संख्या 9601), (2) श्री रामदास के पक्ष में मूल बिक्री विलेख दिनांक 26.02.2016 (दस्तावेज़ संख्या 1367) और (3) श्री नागेंद्र सिंह के पक्ष में मूल बिक्री विलेख दिनांक 17.08.2016 (दस्तावेज़ संख्या 8609) है। जो खो गई है। इसलिए, बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 7 दिनों के भीतर, अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।

लुसेम लीगल एलएलपी
बी-93बी, द्वितीय तल, एसबीआई बैंक के सामने, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी-201301, संपर्क #0120-4269379

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हापुड़ के दो खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री करेंगे संवाद

पायनियर समाचार सेवा। हापुड़



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के तहत आगामी 27 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के खिलाड़ियों और युवाओं से संवाद करेंगे। हापुड़ जनपद के मोनाड विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के लिए चिह्नित किया गया है। मोनाड विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिले के दो खिलाड़ियों हिमानी संद्ध और मयंक कुमार से सीधे संवाद करेंगे, और कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। उप क्रीड़ा अधिकारी अरुणा सिंह और जिला युवा अधिकारी एकता मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन देशभर में चयनित 150 जिलों के शिक्षण संस्थानों में सुबह 8:00 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम को लेकर मोनाड विश्वविद्यालय में तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है और अधिक से अधिक युवाओं एवं खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की तैयारी है। प्रधानमंत्री के संवाद के बाद स्थानीय स्तर पर युवा संवाद और खेल जगत से जुड़े व्यक्तियों के साथ चर्चा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने, खेल सुविधाओं के विस्तार तथा खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध अवसरों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में पिछले दस वर्षों के दौरान देश में खेल सुविधाओं के विकास, खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों तथा आगामी ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होगी। युवा संवाद सत्र के दौरान प्रतिभागी युवा अपने विचार और सुझाव भी प्रस्तुत कर सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार युवाओं से प्राप्त सुझावों को निर्धारित रजिस्टर में दर्ज कर आगे भेजा जाएगा। यदि किसी युवा का सुझाव उपयोगी और प्रभावी पाया जाता है तो उसे संबंधित खिलाड़ी के नाम से प्रकाशित किए जाने की भी व्यवस्था की जाएगी।

सिंटेक्स प्योर के साथ मानसून में स्वास्थ्य और स्वच्छता की सुरक्षा

नोएडा। मानसून के दौरान स्वच्छ और सुरक्षित पानी का भंडारण बेहद जरूरी हो जाता है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए सिंटेक्स ने उन्नत एंटी-माइक्रोबियल तकनीक से तैयार अपना जल भंडारण टैंक सिंटेक्स प्योर पेश किया है। यह टैंक पानी में बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और शैवाल जैसे सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को प्रभावी ढंग से रोकने में मदद करता है। सिंटेक्स प्योर लेड-फ्री, एनएसएफ-प्रमाणित और 100 प्रतिशत फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बनाया गया है। इसकी बाहरी परत पराबैंगनी किरणों से सुरक्षित है, जबकि इसमें एंटी-माइक्रोबियल अंदरूनी परत वाला यूवी-सुरक्षित थ्रेडेड ढक्कन भी दिया गया है। कंपनी इस टैंक पर 20 साल की वारंटी भी दे रही है। मानसून में भारी बारिश के कारण सीवेज सिस्टम के ओवरफ्लो होने से जल स्रोतों के दूषित होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का जोखिम भी बढ़ता है। कंपनी के अनुसार, निम्न गुणवत्ता वाले पुनर्चक्रित प्लास्टिक से बने कुछ टैंकों में मौजूद हानिकारक रसायनों के पानी में मिल जाने की आशंका स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय हो सकती है। ऐसे में सिंटेक्स प्योर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक परिवारों के लिए बेहतर विकल्प के रूप में सामने आता है। सिंटेक्स और वेलस्पन बीएपीएल के प्रबंध निदेशक यशोवर्धन अग्रवाल ने कहा कि सिंटेक्स लंबे समय से नई तकनीक के माध्यम से सुरक्षित और जिम्मेदार जल भंडारण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पानी की टंकी केवल उपयोगी वस्तु नहीं, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य की सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

IN THE COURT OF THE HON'BLE CITY CIVIL AND SESSIONS JUDGE, AT BENGALURU

P and SC. No. 270/2026 (CCH-25)

BETWEEN : 1. Mr. S. Srinath, Son of S.R. Prabhu Aged about 67 years, Residing at 519, 20th Main, Jayanagar 4th T. Block, Bangalore - 560041.
...**Petitioner No. 1**

2. Ms. Devyani Hinshaw, Daughter of Mr. Benoy Hajra, Aged about 76 years old, Residing at Flat No. 101, Tefilah Rose, No. 155, Wheeler Road, Frazer Town, Bangalore - 560005.
...**Petitioner No. 2**

AND : 1. Mrs. Indira Oberoi, W/o Late Mr. Karm Sheel Oberoi, Residing at D 278, Defense Colony, Delhi-110024.
...**Respondent No. 1**

2. Rohan Oberoi, S/o Late Sh. Karm Sheel Oberoi, Residing at D 278, Defense Colony, Delhi- 110024.
...**Respondent No. 2**

3. Pia Oberoi, D/o Late Sh. Karm Sheel Oberoi, Residing at D 278, Defense Colony, Delhi- 110024.
...**Respondent No. 3**

SUMMONS TO RESPONDENTS BY WAY OF PAPER PUBLICATION UNDER ORDER 5 RULE 20 OF CPC

Summons to:

1. **Mrs. Indira Oberoi,** W/o Late Mr. Karm Sheel Oberoi, Residing at D 278, Defense Colony, Delhi-110024.
2. **Rohan Oberoi,** S/o Late Sh. Karm Sheel Oberoi, Residing at D 278, Defense Colony, Delhi-110024.
3. **Pia Oberoi,** D/o Late Sh. Karm Sheel Oberoi Residing at D 278, Defense Colony, Delhi-110024.

Whereas the Petitioner has filed the present Petition seeking for the grant of probate in respect of the Will dated 05.04.2007, against you, and you are summoned to appear before **III ADDL. CITY CIVIL AND SESEIONS JUDGE (CCH-25)** in person or pleader, **on the day of 18.09.2026 at 11:00 A.M** to answer the claim, failing which the suit would be disposed of exparte.

SCHEDULE

S.No.	PROPERTY DESCRIPTION
1.	1,00,000 Shares of Titan Company Limited in the Joint name of Indira Oberoi and Karm Sheel Oberoi in Folio No. TWI0000643.
2.	10,000 Shares of Titan Company Limited in the Joint name of Indira Oberoi and Karm Sheel Oberoi in Folio No. TWI0000640.
3.	99 Shares of Mahindra Lifespace Developers Limited.
4.	241 Shares of the Great Eastern Shipping Company Limited.

Given under my hand and seal of the court on this the 20th day of August 2026 at Bengaluru.

BY ORDER OF THE COURT, Senior Sheristadar, City Civil Court, Bengaluru.

ADVOCATE FOR PETITIONER : **ATV LEGAL**
No. 29/4, Trade Centre, 1st Floor, Race Course Road, Bengaluru - 560 001.

SYMBOL OF QUALITY

रुंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड

पंजीकृत एवं मुख्य कार्यालय:
101, प्रगति टावर, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
फोन: 011-40453332 | सीआईएन: एल74899डीएल1986पीएलसी023934,
ई-मेल: cs@rungtairrigation.in | वेबसाइट: www.rungtairrigation.in

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ('ओएवीएम') के जरिए आयोजित की जाने वाली रुंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड की 42वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम')

नोटिस दिया जाता है कि रुंगटा इरिगेशन लिमिटेड (कंपनी) के सदस्यों की 42 वीं एजीएम मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को 12:00 P.M पर VC/OAVM के माध्यम से आयोजित की जाएगी। (आई. एस. टी.) ए. जी. एम. की सूचना ('सूचना') में निर्धारित व्यवसाय का लेन-देन करना जिसे ए. जी. एम. बुलाने के लिए परिचालित किया जा रहा है।

ई-मेल के माध्यम से सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की सेवा:
संबंधित सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2025-26 ('वार्षिक रिपोर्ट') के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ नोटिस की प्रतियां केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के सदस्यों/रजिस्टर को शनिवार, 22 अगस्त, 2026 तक भेजी जाएंगी और जिनके ईमेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (ओं) के साथ पंजीकृत हैं। यह कंपनी की वेबसाइट i.e., www.rungtairigation.in, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट i.e., बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और एनएसडीएल की वेबसाइट (www.evoting.nsdl.com) पर भी उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, उन शेयरधारकों को वेब-लिंक और नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट तक पहुंचने के लिए विस्तृत मार्ग प्रदान करने वाला एक सूचना पत्र भेजा जा रहा है, जिन्होंने कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (ओं) के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं किसी भी सदस्य को नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड कॉपी की आवश्यकता होती है, वह कंपनी को cs@rungtairigation.in पर लिख सकता है।

ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन करने का ढंग:
भौतिक/डिमेटेरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले कंपनी के सदस्य और जिन्होंने सूचना में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अपने ई-मेल पते को पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है। जो सदस्य कंपनी के साथ अपने ईमेल पते को स्थायी रूप से पंजीकृत करना चाहते हैं, वे नीचे दिए गए निर्देशों का पालन कर सकते हैं -

डिमटेरियलाइज्ड रूप में रखे गए शेयरों के लिए	शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अपना ई-मेल पता अपने संबंधित डीपी के पास पंजीकृत कराएं।
भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के लिए	शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे फॉर्म आईएसआर-1, पैन एवं आधार कार्ड की स्व-सत्यापित प्रतिलिपि के साथ, आरटीए, मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के निकट, नई दिल्ली-110062 में जमा कराकर अपना ई-मेल पता आरटीए के साथ पंजीकृत कराएं। शेयरधारक उक्त फॉर्म आरटीए की वेबसाइट www.beetalfinancial.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.rungtairrigation.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

ई-मेल पता सफलतापूर्वक पंजीकृत होने के पश्चात, नोटिस की एक प्रति वार्षिक रिपोर्ट, यूजर आईडी एवं मतदान करने हेतु पासवर्ड के साथ पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, जिन शेयरधारकों ने अपने ई-मेल पते पहले ही पंजीकृत करा लिए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे भविष्य में अपने ई-मेल पते पर नोटिस/वार्षिक रिपोर्ट तथा अन्य सूचनाएं इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने हेतु अपने ई-मेल पते को अपने डीपी/आरटीए के साथ अद्यतन एवं वैध रखें।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे नोटिस को ध्यानपूर्वक पढ़ें और विशेष रूप से एजीएम में शामिल होने तथा रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम में मतदान करने की प्रक्रिया संबंधी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर ट्रांसफर बुक 23.09.2026 से 29.09.2026 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेगा।

रुंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड
हस्ता/-
रेखा राठौड़
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 25.08.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, खटीमा

पीलीभीत रोड़, निकट इलाहाबाद बैंक, खटीमा (ऊधमसिंह नगर) दूरभाषः 05943-253646 ई-मेलः eecdkhatima@gmail.com

पत्रांक : 1186/निविदा/22 दिनांक : 25/08/2026

अल्प कालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल निगम की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा दिनांक 09.09.2026 को निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, खटीमा (ऊधमसिंह नगर) में अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 09.09.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम खटीमा (ऊधमसिंह नगर) में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, खटीमा (ऊधमसिंह नगर) में दिनांक 08.09.2026 तक कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में होगा।

क्र0 सं0	योजना का नाम	विकासखण्ड	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)	धरोहर धनराशि (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकृत श्रेणी
1	भुड़िया थारू ग्राम समूह पेयजल योजना में वितरण प्रणाली का विस्तार, घरेलू जल संयोजन, एवं तत्सम्बन्धित कार्य।	खटीमा	1000.00 +18% G.S.T.	28,800.00	60 दिन	"डी0" एवं उच्चतर
2	गुरूग्राम ग्राम समूह पेयजल योजना में वितरण प्रणाली का विस्तार, घरेलू जल संयोजन, एवं तत्सम्बन्धित कार्य।	सितारगंज	1000.00 +18% G.S.T.	16,000.00	60 दिन	"डी0" एवं उच्चतर

नोट—नियम एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में अथवा कार्यालय में देखी जा सकती है।

(बी0एस0 रौतेला)
अधिशासी अभियन्ता

AXIS BANK LTD. रिटेल एसेट सेंटर, एक्सिस बैंक लिमिटेड, एक्सिस हाउस, टॉवर T-2, द्वितीय तल, I-14, सेक्टर-128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)-201301

रिटेल एसेट सेंटर, एक्सिस बैंक लिमिटेड, डीएफ 1ए, 2-3, प्रथम तल, आदित्य सिटी सेंटर, वैभव खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यू.पी.-201010 एक्सिस बैंक लिमिटेड, हिमालय हाउस, अपर ग्राउंड फ्लोर एवं प्रथम तल, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, कॉर्पोरेट कार्यालय: ब्लॉक-बी, बॉम्बे डाइंग मिल्स कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई-400025, पंजीकृत कार्यालय: 'त्रिशूल', तृतीय तल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006।

मांग सूचना

जबकि नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं ने एक्सिस बैंक लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हम सूचित करते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं द्वारा देय तिथियों के अनुसार ब्याज एवं मूलधन की राशियों के पुनर्भुगतान में विभिन्न चूक की गई हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुसार, खाते को नीचे उल्लिखित संबंधित तिथियों को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। तदनुसार, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित संबंधित तिथियों को मांग सूचनाएं जारी की, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचनाओं में उल्लिखित राशि के साथ-साथ सूचनाओं में उल्लिखित राशि पर संविदात्मक दर से आगे का ब्याज तथा भुगतान की तिथि तक आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि सहित राशि का भुगतान सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया है। उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पतों पर सूचनाएं जारी की गई थीं तथा उन्हें इस संबंध में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से भी एतद्द्वारा सूचित किया जाता है।

क्र. सं.	उधारकर्ता का नाम / पता / सह-उधारकर्ता एवं गारंटर का नाम	(1). एनपीए तिथि (2). मांग सूचना की तिथि (3). सूचना की तिथि को बकाया राशि (रु.) (4). ऋण राशि (रु.)
1.	**श्री अजय कुमार (आवेदक)**, टॉवर 1 B, 2441 लैंड क्राफ्ट गोल्फ लिंक्स, NH-24 पांडव नगर, कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, ग्राम मेहरौली, गाजियाबाद-201001; **श्रीमती सीमा सिंह (सह-आवेदक)**, टॉवर 1 B, 2441 लैंड क्राफ्ट गोल्फ लिंक्स, NH-24 पांडव नगर, कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, ग्राम मेहरौली, गाजियाबाद-201001	(1). 09.07.2026, (2). 16.07.2026, (3). रु. 55,09,077.44/- (रुपये पचपन लाख नौ हजार सतहत्तर और चवालीस पैसे) (4). रु. 60,00,000/-
	सुरक्षित परिसंपत्तियों का संपत्ति पता: आवासीय कॉम्प्लेक्स "गोल्फ लिंक्स" के टॉवर 1 B में 24वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट सं. 2441, बिना छत के अधिकार के, ग्राम मेहरौली में स्थित, परगना दासना, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उ.प्र., तथा इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं: पूर्व: टाइटल डीड के अनुसार; पश्चिम: टाइटल डीड के अनुसार; उत्तर: टाइटल डीड के अनुसार; दक्षिण: टाइटल डीड के अनुसार।	
2.	**सतविंदर सिंह (आवेदक)**, वार्ड सं. 4, सर्कुलर रोड, धारूहेड़ा, मालपुरा 295, इंडस्ट्रियल एरिया धारूहेड़ा, कलावती स्कूल के पास, प्रजापत कॉलोनी, रेवाड़ी, हरियाणा-123110; **श्रीमती सविता देवी (सह-आवेदक)**, वार्ड सं. 4, सर्कुलर रोड, धारूहेड़ा, मालपुरा 295, इंडस्ट्रियल एरिया धारूहेड़ा, कलावती स्कूल के पास, प्रजापत कॉलोनी, रेवाड़ी, हरियाणा-123110	(1). 09.07.2026 (2). 17.07.2026 (3). रु. 18,38,071.60/- (रुपये अठारह लाख अड़तीस हजार इकहत्तर और साठ पैसे) (4). रु. 21,00,000/-
	सुरक्षित परिसंपत्तियों का संपत्ति पता: हाउसिंग खेवट सं. 93, खतौनी सं. 105, मस्टील सं. 62, किला सं. 18/1(5-0), 18/2(3-0), 8 कनाल, इसका 6/160, 6 मरला, ग्राम धारूहेड़ा, वार्ड सं. 7, प्रजापत कॉलोनी, रेवाड़ी, हरियाणा। इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं: **पूर्व:** टाइटल डीड के अनुसार; **पश्चिम:** टाइटल डीड के अनुसार; **उत्तर:** टाइटल डीड के अनुसार; **दक्षिण:** टाइटल डीड के अनुसार।	
3.	**रवि शर्मा (आवेदक)**, ई-702, हिल व्यू अपार्टमेंट, सेक्टर-46, अमर नगर, फरीदाबाद-121003, साथ ही: **रवि शर्मा (आवेदक)**, मकान सं. K-81, जल विद्युत अपार्टमेंट, सेक्टर-216, फरीदाबाद, हरियाणा-121001; **श्रीमती शालिनी शर्मा (सह-आवेदक)**, ई-702, हिल व्यू अपार्टमेंट, सेक्टर-46, अमर नगर, फरीदाबाद-121003, **साथ ही:** श्रीमती शालिनी शर्मा (सह-आवेदक), मकान सं. K-81, जल विद्युत अपार्टमेंट, सेक्टर-216, फरीदाबाद, हरियाणा-121001।	(1). 09.07.2026 (2). 16.07.2026 (3). रु. 14,80,438/- (रुपये चौदह लाख अस्सी हजार चार सौ तैंतीस मात्र) (4). रु. 3,59,666/- एवं रु. 23,68,436/-
	सुरक्षित परिसंपत्तियों का संपत्ति पता: फ्लैट सं. 1001, 10वीं मंजिल, टॉवर C-4, गोल्फ विलेज TS-5, सेक्टर-22D, नोएडा, उ.प्र.। इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं: **पूर्व:** टाइटल डीड के अनुसार; **पश्चिम:** टाइटल डीड के अनुसार; **उत्तर:** टाइटल डीड के अनुसार; **दक्षिण:** टाइटल डीड के अनुसार।	
4.	**स्वर्गीय श्री हरीश कुमार (उधारकर्ता), अपने सभी कानूनी वारिसों के माध्यम से; श्रीमती सुषमा धानी (सह-उधारकर्ता** एवं कानूनी वारिस), पत्नी स्वर्गीय श्री हरीश कुमार, A-1 पुलिस स्टाफ क्वार्टर्स, पुलिस स्टेशन शालीमार बाग, नई दिल्ली-110088, साथ ही: 7361, राम नगर, पहाड़ गंज, कुतुब रोड, नई दिल्ली-110055, साथ ही: निवासी C-49, टाइप-3, द्वितीय तल, SFS श्रेणी-2, पॉकेट-1, प्लेटिनम एन्क्लेव, सेक्टर-18, रोहिणी, दिल्ली-110089; **श्री जगदीश प्रसाद (कानूनी वारिस)**, पिता स्वर्गीय श्री हरीश कुमार, निवासी C-49, टाइप-3, द्वितीय तल, SFS श्रेणी-2, पॉकेट-1, प्लेटिनम एन्क्लेव, सेक्टर-18, रोहिणी, दिल्ली-110089, साथ ही: A-1 पुलिस स्टाफ क्वार्टर्स, पुलिस स्टेशन, शालीमार बाग, नई दिल्ली-110088, साथ ही: प्लॉट सं.-334, द्वितीय तल, सेक्टर-2B, वैशाली, गाजियाबाद, उ.प्र.; **श्री सलील धानी (कानूनी वारिस)**, पिता स्वर्गीय श्री हरीश कुमार, A-1 पुलिस स्टाफ क्वार्टर्स, पुलिस स्टेशन शालीमार बाग, नई दिल्ली-110088; **संदीप धानी (कानूनी वारिस)**, पिता स्वर्गीय श्री हरीश कुमार, A-1 पुलिस स्टाफ क्वार्टर्स, पुलिस स्टेशन शालीमार बाग, नई दिल्ली-110088	(1). 08.06.2026 (2). 30.07.2026 (3). रु. 5,30,216/- (रुपये पांच लाख तीस हजार दो सौ सोलह मात्र) (4). रु. 23,98,670/-
	सुरक्षित परिसंपत्तियों का संपत्ति पता: आवासीय प्लॉट सं. II-B/334, द्वितीय तल, सेक्टर-2B, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010, इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं: **पूर्व:** टाइटल डीड के अनुसार; **पश्चिम:** टाइटल डीड के अनुसार; **उत्तर:** टाइटल डीड के अनुसार; **दक्षिण:** टाइटल डीड के अनुसार।	
5.	**श्री दीपक कुमार रे (उधारकर्ता), पिता स्वर्गीय श्री हरेकृष्ण रे**, निवासी 276, गली सं. 11, DDA, जनता फ्लैट्स, मदन गिर, नई दिल्ली-110062; **श्रीमती आद्यारश्मि बिस्वाल (सह-उधारकर्ता), पत्नी श्री दीपक कुमार रे**, निवासी 276, गली सं. 11, DDA, जनता फ्लैट्स, मदन गिर, नई दिल्ली-110062	(1). 23.06.2021 (2). 17.07.2026 (3). रु. 23,30,085/- (रुपये तेईस लाख तीस हजार पचासी मात्र) (4). रु. 28,05,669/-
	सुरक्षित परिसंपत्तियों का संपत्ति पता: आवासीय यूनिट सं. 1606, 16वीं मंजिल, टॉवर-II, इको विलेज-IV, प्लॉट सं. GH-01, सेक्टर-16-B, ग्रेटर नोएडा, उ.प्र. में स्थित। इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं: **पूर्व:** साइट प्लान के अनुसार; **पश्चिम:** साइट प्लान के अनुसार; **उत्तर:** साइट प्लान के अनुसार; **दक्षिण:** साइट प्लान के अनुसार।	
6.	**श्रीमती सीमा राजसिंह (आवेदक)**, 27, वेस्ट कोस्ट क्रेसेंट, 21-19, ब्लू होराइजन, सिंगापुर-128048, साथ ही: V-142, खजूर वाली गली सं.-2, V-ब्लॉक, अरविंद नगर, घोंडा, दिल्ली-110053; **श्री अरुण कुमार (सह-आवेदक)**, 27, वेस्ट कोस्ट क्रेसेंट, 21-19, ब्लू होराइजन, सिंगापुर-128048, **साथ ही:** V-142, खजूर वाली गली सं.-2, V-ब्लॉक, अरविंद नगर, घोंडा, दिल्ली-110053; **श्री सतपाल गौतम (गारंटर)**, V-142, खजूर वाली गली सं.-2, V-ब्लॉक, अरविंद नगर, घोंडा, दिल्ली-110053।	(1). 08.11.2022 (2). 20.07.2026 (3). रु. 54,59,254/- (रुपये चौवन लाख उनसठ हजार दो सौ चौवन मात्र) (4). रु. 90,35,000/-
7.	**श्री शशिभूषण दाश (उधारकर्ता)**, फ्लैट सं. 150, द्वितीय तल, सिद्धार्थ एन्क्लेव, नई दिल्ली-110014; **श्रीमती मोनाली दाश (सह-उधारकर्ता)**, फ्लैट सं. 150, द्वितीय तल, सिद्धार्थ एन्क्लेव, नई दिल्ली-110014	(1). 10.12.2020, (2). 22.07.2026 (3). रु. 90,42,600/- (रुपये नब्बे लाख बयालीस हजार छह सौ मात्र) (4). रु. 59,75,000/-
	सुरक्षित परिसंपत्तियों का संपत्ति पता: यूनिट सं. KRH0072504, 24वीं मंजिल, टॉवर-KRH-07, क्रेसेंट होम्स, जेपी ग्रीन्स, नोएडा, उ.प्र. में स्थित। इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं: **पूर्व:** साइट प्लान के अनुसार; **पश्चिम:** साइट प्लान के अनुसार; **उत्तर:** साइट प्लान के अनुसार; **दक्षिण:** साइट प्लान के अनुसार।	

उपर्युक्त परिस्थितियों में, उपर्युक्त उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और/या उनके गारंटरों (जहां भी लागू हो) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उपर्युक्त उल्लिखित बकाया राशि के साथ-साथ भविष्य का ब्याज एवं लागू प्रभार, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करें, ऐसा न करने पर इस सूचना की तिथि से 60 दिनों की अवधि समाप्त होने के पश्चात उधारकर्ताओं एवं बंधककर्ताओं की सुरक्षित परिसंपत्तियों पर, जिसमें प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) तथा उसके अंतर्गत लागू नियमों के तहत उधारकर्ताओं एवं बंधककर्ताओं की सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्जा लेना भी शामिल है, आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसके अंतर्गत आप सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) की सार्वजनिक नीलामी द्वारा बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक बैंक द्वारा वहन की गई सभी लागत, प्रभार एवं व्यय सहित बकाया राशि की संपूर्ण राशि का भुगतान कर सकते हैं, चाहे वह सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करके, सार्वजनिक से निविदा आमंत्रित करके अथवा निजी समझौते द्वारा की गई हो। कृपया यह भी ध्यान दें कि यदि सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) की सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करके, सार्वजनिक से निविदा आमंत्रित करके अथवा निजी समझौते द्वारा बिक्री की सूचना के प्रकाशन से पूर्व बैंक द्वारा वहन की गई लागत, प्रभार एवं व्यय सहित बकाया राशि की संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो आप सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) को मोचन कराने के हकदार नहीं हो सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अंतर्गत, कोई भी उधारकर्ता, सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिना, सूचना में उल्लिखित अपनी किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हस्तांतरित नहीं करेगा।

दिनांक : 26 अगस्त 2026, स्थान : दिल्ली एनसी आर हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड